संख्या-05/2016/3906/41-2015-176 सा0/15

प्रेषक,

शिव कुमार पाठक,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
पर्यटन,
उ0प्र0 लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग लखनऊ, दिनांक 18 जनवरी, 2016

विषय- चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 में गाडियों के अनुरक्षण/प्रेट्रोल क्रय मद में पुनर्विनियोग के माध्यम से अतिरिक्त धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशालय के पत्र सं0-1791/21-1-1 (बजट) नजा0-101/2015, दिनॉक 28-12-2015 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- उक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 में गाडियों के अनुरक्षण/प्रेट्रोल क्रय मद में पुनर्विनियोग के माध्यम से रू0 8.00 लाख (रू0 आठ लाख मात्र) की अतिरिक्त धनराशि की वित्तीय स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते हैं:-

1. स्वीकृत की जा रही धनराशि की आहरण/व्यय सुसंगत वित्तीय नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।
2. स्वीकृत धनराशि का व्यय किसी अन्य प्रयोजन हेतु कदापि नहीं किया जायेगा एवं उक्त कार्यों को अनुमोदित लागत के सीमान्तर्गत ही किया जायेगा।
3. यदि कोई धनराशि बचती है तो उसे तत्काल शासन को समर्पित/राजकोष में जमा कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।
4. यह सुनिश्चत किया जायेगा कि उपरोक्तांकित स्वीकृत कार्यों हेतु किसी अन्य स्रोतों से धनराशि प्राप्त न की गयी हो।

http://shasnadesh.up.nic.in

(3)- उक्त के फलस्वरूप होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-44 के लेखा शीर्षक-3452-पर्यटन-आयोजनागत- 80-सामान्य-800-अन्य व्यय-03-पर्यटन सूचना एवं प्रसार-16-व्यवसायिक एवं विशेष सेवाओं के लिये भुगतान मद में आयोजनागत की धनराशि से संलग्न विवरण के अनुसार पुनर्विनियोग द्वारा शीर्षक-3452-पर्यटन- आयोजनेत्तर-80-सामान्य-001-निदेशन तथा प्रशासन-03-अधिष्ठान-पर्यटन के मानक मद-15-गाडियों का अनुरक्षण और पेट्रोल का क्रय के नामे डाला जायेगा।

(4)- यह आदेश वित्त विभाग की अशासकीय पत्र संख्या आरई0-/ई0-7-273/दस-2016, दिनांक 15 जनवरी,2016 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय

(शिव कुमार पाठक)
उप सचिव।

संख्या-05/2016/3906(1)/41-2015 तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1- महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3- वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
4- वित्त (व्यय) नियंत्रण अनुभाग-7
5- श्री राजा राम वेब अधिकारी, पर्यटन विभाग को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि इसे वेब-साइट पर अंकित करना सुनिश्चित करें।
6- गार्ड-फाइल।

आज्ञा से,

(विनय कुमार सिंह)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in